Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **एसीबी में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया।**
- **उत्कृष्ट कार्य के लिए 4 अधिकारी और कर्मचारी सम्मानित।**

जयपुर, 26 जनवरी 2026। 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय, जयपुर में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसीबी **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारत ने एक गणतंत्र के रूप में निरंतर प्रगति कर विश्व पटल पर सशक्त पहचान बनाई है। उन्होंने कहा की आज ही के दिन हमें हमारा संविधान मिला था जिससे हमें हमारे मौलिक अधिकार एवं दायित्व प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने पारदर्शिता, ईमानदारी एवं निष्पक्षता को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था ही सच्ची आजादी का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम अपने सपनों का भारत साकार करने के लिए पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ कार्य करें जिससे हर नागरिक को न्याय और समानता मिले। उन्होंने एसीबी की पूरी टीम को कहा की , "हमारे लिए सही मायनों में आजादी तब होगी जब किसी भी आमजन को भ्रष्टाचार का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए हमें भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की आवश्यकता है और आमजन में यह विश्वास जगाये की जब वे ए सी बी के पास अपनी शिकायत लेकर आएंगे तो ब्यूरो द्वारा त्वरित उचित कार्रवाई की जाएगी"

उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए उत्कृष्ट, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए –

महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो श्री गोविन्द गुप्ता द्वारा समारोह में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए ब्यूरो के अधिकारी/कर्मचारी को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा घोषित उत्कृष्ट, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मांगीलाल राठौड को अति० उत्कृष्ट सेवा पदक,अति० पुलिस अधीक्षक, श्री विजय कुमार को उत्कृष्ट सेवा पदक, उप अधीक्षक पुलिस श्री राजेश दुरेजा को उत्कृष्ट सेवा पदक और श्री ओमप्रकाश सैनी हैड कानि० 49 को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एसीबी के महानिरीक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार एवं श्री राजेश सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप सारस्वत ने मंच संचालन किया